प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल लखनऊ से मेरठ के बीच वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअली दिखाएंगे हरी झंडी : मंगलवार छोड़कर पूरे हफ्ते चलेगी ट्रेन।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 32 औद्योगिक इकाइयों को 1300 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि की वितरित : कहा– झांसी और कानपुर के बीच 36 हजार एकड़ में सरकार विकसित कर रही है औद्योगिक शहर।
3. प्रदेश के 67 जिलों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज हुई उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस की चौथे चरण को परीक्षा : भर्ती के लिये कल होगी आखिरी परीक्षा।

और

4. पेरिस पैरालंपिक में भारत ने आज एक स्वण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते : मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल सौ मीटर दौड़ में पदक जीतने वाली भारत की पहली धावक बनी।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल लखनऊ–मेरठ समेत तीन वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य दो वंदे भारत ट्रेने तमिलनाडु और कर्नाटक में चलेंगी। प्रदेश में वंदे भारत ट्रेन पहली सितम्बर

से लखनऊ से मेरठ और तीन सितंबर से मेरठ से लखनऊ के बीच चलेगी। उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से यह ट्रेन मंगलवार को छोड़कर पूरे हफ्ते चलेगी। वंदे भारत ट्रेन लखनऊ से दोपहर दो बजकर पैंतालिस मिनट पर रवाना होगी और सवा सात घंटे में रात दस बजे मेरठ पहुंचेगी। लखनऊ से चलने के बाद यह ट्रेन बरेली और मुरादाबाद में रुकेगी। मेरठ से यह ट्रेन सुबह छः बजकर पैंतीस मिनट पर रवाना होगी।

वंदे भारत ट्रेन चलने के उपलक्ष्य में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने भारत की अगली पीढ़ी के परिवहन का बुनियादी ढ़ांचा विषय पर निबंध, कला और वाद विवद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें सभी विजेता बच्चों को कल सम्मानित किया जाएगा।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 32 औद्योगिक इकाइयों को करीब एक हजार 300 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। साथ ही 4 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए 10 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कंफर्ट वितरित किए। मुख्यमंत्री ने राज्य में फ्लिपकार्ट कंपनी के दो वेयरहाउस का भी वर्चुअली उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि झांसी और कानपुर के बीच लगभग 36 हजार एकड़ क्षेत्र में प्रदेश सरकार एक औद्योगिक शहर

विकसित कर रही है। इससे प्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जा सकेगा। इसके लिए एक विशेष हवाई अड्डा भी बनाया जाएगा। बाइट.......

*लगभग हम लोग 36 हजार एकड़ लैंड में झांसी और कानपुर के बीच में इस नये औद्योगिक शहर को आगे बढ़ाने की कार्रवाई को आगे बढ़ा चुके हैं और तेजी के साथ हम कार्यक्रम बन रहा है। याद करना नोएडा को बसने में 46 साल लगे ओर 46 सालों के बाद वहां एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में जेवर अब आ रहा। यहां पर हमने इसके साथ ही फोर लेन की कनेक्टिविटी दे चुके हैं, एक से सुविधाएं देंगे और पहल `से ही डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का एक लोड बना, आ चुका है। लखनऊ और उसके आसपास के 6 जनपदों को जोड़ करके यहा 'पर हम लोग निवेश की अनंत संभावनाएं यहां बनेगी।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों और उद्यमियों को हर तरह की मदद और समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट के लिए ड्रीम डेस्टिनेशन है। प्रदेश में इस समय 27 सेक्टोरल पॉलिसी लागू की जा रही हैं। इसके साथ ही 125 सीएम फेलो इन्वेस्ट यूपी के साथ मिलकर उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करने में योगदान कर रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल हुए उद्योगपतियों ने प्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना की। सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के अध्यक्ष और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि सैमसंग का उत्तर प्रदेश से बहुत गहरा नाता है। कंपनी  ने नोएडा में सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित की है। उन्होंने कहा कि

कंपनी उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। नोएडा की मोबाइल फैक्ट्रियां मेक इन इंडिया का एक प्रतीक है और कंपनी भारत से मेक फॉर द वर्ल्ड के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी सीएसआर पहलों के तहत कौशल विकास के माध्यम से प्रदेश के युवाओं की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करेगी।

———————

प्रदेश के 67 जिलों में एक हजार 174 परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस की चौथे चरण की परीक्षा आज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इस भर्ती के लिये कल अंतिम परीक्षा होगी। परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये आज तीन स्तर चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश दिया गया। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से पारदर्शी तरीके से परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये सख्त निर्देश जारी किये गये हैं। नकल माफियाओं पर नजर रखने के लिये एसटीएफ, स्थानीय पुलिस और साइबर क्राइम की टीमें पूरी तरह से मुस्तैद हैं। इसके साथ ही कंट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्रों पर नजर रखी जा रही है। परीक्षा में हिस्सा लेने के लिये विभिन्न प्रदेशों से पहुंचे अभ्यर्थियों को रोडवेज बसों में एडमिट कार्ड दिखा कर निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जा रही है।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

वाराणसी के राजकीय आईटीआई करौधी में कल वृहद रोजगार मेले का आयोजन होगा। वाराणसी क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के रोजगार मेला प्रभारी दीप सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में 20 से अधिक नेशनल और मल्टीनेशनल कंपनी के शामिल होने की संभावना है। इस मेले में 800 युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अपना पंजीयन रोजगार संगम डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर करना अनिवार्य है।

————————

बहराइच में भेड़िये की धरपकड़ के लिए वन विभाग का ऑपरेशन जारी है। ग्रामीणों को भेड़िये के आतंक से बचाने के लिए लगातार गश्त की जा रही है। डीएफओ अजित सिंह ने बताया कि खूंखार भेड़िये को पकड़ने के लिए 22

टोमों द्वारा 75 किमी. के दायरे में कॉम्बिंग की जा रही है। टीम की ओर से ग्रामीणों को अलर्ट रहने की सलाह दी गई है। उन्हें रात में घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है और अतिआवश्यक काम पड़ने पर झुंड में निकलने के निर्देश दिये गये हैं। बता दें कि आदमखोर भेड़िये के आतंक से लगभग 35 से अधिक गांवों के ग्रामीण प्रभावित हैं।

——————

पेरिस पैरालंपिक में भारत ने आज एक स्वण, एक रजत और दो कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। भारत के लिये दस मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच–1 में अवनी लेखरा ने गोल्ड और मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता। शूटरों की दस मीटर एयर पिस्टल एसएच–1 में मनीष नरवाल ने रजत पदक जीता। वहीं उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल ने सौ मीटर की दौड़ टी–35 में कांस्य पदक जीत कर इतिहास रच दिया। प्रीति पैरा खेलों में भारत के लिये पदक जीतने वाली पहली धावक है। राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पदक विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं।

——————

पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के एक उपाय के रूप में सरकार ने आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र जारी किया और भविष्य पोर्टल का

ई–एचआरएमएस के साथ डिजिटल एकीकरण किया। इन अनूठे उपायों की शुरुआत कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा, सरकार जीवन सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव विवेक जोशी ने मानव संसाधन प्रबंधन को बढ़ाने के लिए इन उपायों को महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि 9 पेंशन फॉर्म को मिलाकर एक नया फॉर्म बनाया गया है, जो पेंशन प्रक्रिया को सरल बनायेगा।

——————————

बारिश और बांधों स पानी छोड़े जाने के कारण गंगा नदी बलिया में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। वहीं फर्रुखाबाद, वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। इसके अलावा क्वानो नदी गोंडा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं घाघरा नदी बाराबंकी और अयोध्या में खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे हैं। वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें घाटों पर नजर रख रही हैं। गंगा में छोटी नाव का संचालन बंद है। उधर, गाजीपुर में गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु से ऊपर पहुंच गया है। तटवर्ती इलाकों में प्रशासन की ओर से लोगों को सावधानी बरतने

को कहा जा रहा है। इसके अलावा गोरखपुर में 34 गांव बाढ़ से प्रभावित है। लोगो की सहूलियत के लिये नाव और मोटरबोट लगाई गई हैं। बाराबंकी में दो गांवों में कटान हो रही है, जिससे लोगों की मुसीबते बढ़ गई हैं।

———————

नीति आयोग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनने के लिये कई सिफारिशें की है। आयोग ने तिलहन की खरीदारी हर हाल में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सुनिश्चित करने, खाद्य तेल के आयात पर शुल्क में वृद्धि और तिलहन के उत्पादन के लिये क्षेत्रफल बढ़ाने के साथ ही तिलहन के बीज की उपलब्धता के लिये हर ब्लॉक में एक गांव को तिलहन के बीज वाले गांव के रूप में विकसित करने की सिफारिश की है। आयोग ने फूड इंडस्ट्रीज को घरेलू खाद्य तेल के इस्तेमाल पर इन्सेंटिव देने के साथ ही तेल का उत्पादन बढ़ाने के लिये निजी सेक्टर के साथ सहभागिता की भी सिफारिश की है। भारत को अपनी जरूरत का सात प्रतिशत खाद्य तेल आयात करना पड़ता है। ऐसे में खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भर बनने के लिये नीति आयोग की इस सिफारिश को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

(समाप्त)